जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 57 | अंक-39 | जयपुर, सोमवार, 18 अक्टूबर, 2021 | वार्षिक शुल्क 150 रुपये (एक प्रति 3 रु.) | पृष्ठ संख्या 4


### डेंगू के बढ़ते केसों पर सीएम गहलोत की सलाह

## लोग घरों में और आसपास पानी इकट्ठा ना होने दें, मच्छरों से बचने के लिए हाथ-पांव पूरी तरह कवर रखे



जयपुर (नि.सं.)। प्रदेश में बढ़ते डेंगू-मलेरिया के केसों के बीच मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जनता से अपील की है। गहलोत ने इन घातक बीमारियों से बचने के लिए जनता से सजग रहने और बीमार होने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाने की बात कही है। राजधानी जयपुर सहित प्रदेश में इन दिनों डेंगू के सबसे ज्यादा केस आ रहे है। इस कारण हॉस्पिटल में इस बीमारी से ग्रसित मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है।

गहलोत ने अपील करते हुए कहा कि मौसम में बदलाव के साथ डेंगू के मामले बढ़े हैं। अगर हम सावधानी रखेंगे तो से डेंगू फैलने से रोका जा सकता है। उन्होंने घर और आसपास सफाई रखने और पानी इकट्ठा ना होने देने की सलाह दी है। इसके साथ ही कूलर, पानी की टंकी इत्यादि को खाली करना संभव ना होने पर उसमें सप्ताह में एक बार केरोसीन, जला ऑयल, डीजल अथवा कोई भी तेल पानी में डाल दें। घर के आसपास के स्थानों पर मच्छरनाशक दवाओं जैसे डीडीटी, मेलाथियान या पाइरेथ्रोइड का छिड़काव करवाएं।

पूरे कपड़े पहनें जिससे मच्छर ना काट सकें। गार्डन आदि में घूमते वक्त पैरों को जरूर ढककर रखने की सलाह दी है। मौसमी बदलाव के कारण वायरल बुखार तथा अन्य बीमारियां भी फैल रही हैं। इसलिए बुखार आने पर डॉक्टर को जरूर दिखाएं। डेंगू के 90 फीसदी मरीज डॉक्टर की सलाह के बाद दवाएं लेकर घर ही ठीक हो सकते हैं इसलिए समय पर टेस्ट करवाएं एवं इलाज लें।

## विराज फाउंडेशन ने स्थापना दिवस पर 51 विभूतियों को 'गौरव रत्न सम्मान' देकर किया सम्मानित



जयपुर (हमारा वतन) विराज फाउंडेशन के स्वर्णिम 2 वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना दिवस के उपलक्ष पर सम्मान समारोह में पंडित रामस्वरूप शर्मा के द्वारा विधि विधान से स्वस्तिवाचन कर मां गायत्री की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम श्री श्री 108 गिरधर दास जी महाराज के सानिध्य में और कर्नल बजरंग सिंह, विशिष्ट अतिथि गोविंदगढ़ डीएसपी संदीप सारस्वत, डीएसपी (बाल संरक्षण) वीणा शास्त्री एवं प्रोफेसर आयुर्वेद लोकनाथ शर्मा मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी व प्रदेशाध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) डॉ अरुणा शर्मा ने माला, शाल व अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मान किया। तत्पश्चात 51 विभूतियों का शिक्षा, चिकित्सा, ज्योतिष एवं समाज सेवा के क्षेत्र में गौरव रत्न सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में प्रदेश संरक्षक कृपा शंकर शर्मा, प्रदेश संरक्षक (चिकित्सा प्रकोष्ठ) डॉ एम एल शर्मा, प्रदेश महासचिव बनवारी लाल शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी अशोक आचार्य, प्रदेश प्रचार प्रसार चंद्र प्रकाश शर्मा, प्रदेश संरक्षक (आयुष प्रकोष्ठ) ओम प्रकाश शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष (आयुष प्रकोष्ठ) डॉ राम प्रकाश शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष (आयुष प्रकोष्ठ) डॉ गिरधर गोपाल शर्मा, प्रदेश महासचिव (आयुष प्रकोष्ठ) पवन कुमार तिवाडी, प्रदेशाध्यक्ष (विधि प्रकोष्ठ) संजय प्रधान, प्रदेशाध्यक्ष (शिक्षा प्रकोष्ठ) हरिओम शर्मा, जिला संरक्षक राजू महाराज, जिलाध्यक्ष मुकेश दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष नंदकिशोर गैसका, चौमूँ तहसील अध्यक्ष अशोक रेवडका, नगर अध्यक्ष डॉ सीताराम कुमावत आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## नरेश कुमार मेघवाल जिला उपाध्यक्ष मनोनीत



जालोर (हमारा वतन) राष्ट्रीय सर्व मेघवंश महासभा (इण्डिया) के अधिकारी कर्मचारी महासंघ राजस्थान के प्रदेश महासचिव अजय चौहन ने जिला उदयपुर की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए राष्ट्रीय सर्व मेघवंश महासभा (इण्डिया) के अधिकारी कर्मचारी महासंघ राजस्थान के जिला उदयपुर का जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। नरेश कुमार मेघवाल को राजस्थान के जिला उदयपुर जिला उपाध्यक्ष राष्ट्रीय सर्व मेघवंश महासभा (इण्डिया) के अधिकारी कर्मचारी महासंघ राजस्थान मनोनीत करने पर उदयपुर जिले में ही नहीं अपितु पूरे राजस्थान में व प्रवासी राजस्थानियों में खुशी की लहर है। इस मौके नरेश कुमार मेघवाल को सोशल मीडिया के माध्यम से बधाइयां देने का तांता लगा हुआ हैं।

### अभ्यर्थियों के लिए होगी फ्री व्यवस्था

## 23 परीक्षा केंद्रों पर 4 चरणों में पटवार सीधी भर्ती परीक्षा

झालावाड़ (वि.सं.)। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा पटवार सीधी भर्ती परीक्षा 2021 के आयोजन को लेकर कलेक्टर हरि मोहन मीणा द्वारा शुक्रवार को व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बताया कि जिले में 23 और 24 अक्टूबर को 23 परीक्षा केन्द्रों पर 4 चरणों में आयोजित पटवार सीधी भर्ती परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा से एक दिन पहले से झालावाड़ एवं झालरापाटन में व्यवस्थाएं की गई है। रीट की तरह ही अभ्यर्थियों के लिए चिन्हित स्थानों पर ठहरने, खाने एवं जिले में रोडवेज बस से फ्री यात्रा की सुविधा के साथ कोटा व बारां से आने-जाने वाले अभ्यर्थियों के लिए नियमित रोडवेज बस की पुख्ता व्यवस्था रहेगी। उन्होंने बताया कि जिले में पटवारी परीक्षा में कुल 29 हजार 184 परीक्षार्थी भाग लेंगे। जिसमें 23 अक्टूबर को प्रथम पारी में सुबह 8.30 से 11.30 बजे तक झालावाड़ के 2,821, बारां के 779, कोटा के 3,696 परीक्षार्थी और दूसरी पारी में दोपहर 2.30 से शाम 5.30 बजे तक झालावाड़ के 2,945, बारां के 1,230 व कोटा के 3,121 परीक्षार्थी भाग लेंगे।

**24 अक्टूबर को होगा एग्जाम**

वहीं 24 अक्टूबर को पहली पारी में झालावाड़ के 54 व कोटा के 7,242 परीक्षार्थी और दूसरी पारी में झालावाड़ के 43, बारां के 5,674 व कोटा के 1,579 परीक्षार्थी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पारी में 7,296 परीक्षार्थी भाग लेंगे। जिला कलेक्टर ने बताया कि पटवार सीधी भर्ती परीक्षा के लिए दूरभाष नंबर 07432-233603 पर 21 व 22 अक्टूबर को सुबह 9.30 से शाम 6 बजे तक और 23 व 24 अक्टूबर को सुबह 7.30 से परीक्षा खत्म होने तक के लिए कन्ट्रोल रूम बनाया गया है। इसके प्रभारी तहसीलदार मांगीलाल सैनी (मोबाइल नंबर 9950660259) को बनाया गया है।

## विश्व दृष्टि दिवस पर निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन



चौमूं (हमारा वतन) चौमूं शहर के रेलवे स्टेशन रोड स्थित देवी लाल मेमोरियल आई हॉस्पिटल एंड फेको सर्जरी सेंटर में विश्व दृष्टि दिवस के उपलक्ष पर निशुल्क नेत्र रोग परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ सुनीता कुमावत एवं डॉ वी.के. गुप्ता द्वारा शिविर में आए मरीजों को मोतियाबिंद काला पानी, नखूना, नासूर, पर्दे की जांच, आंखों की नजर की जांच, आंखों की एलर्जी, आंखों से लगातार पानी आना इत्यादि रोगों का परामर्श,जांच एवं दवाइयां देकर उपचार किया गया। अस्पताल निदेशक विमल कुमावत ने बताया की नेत्र रोगियों हेतु ओ.सी. टी एवं पेरीमेट्री की जांच अस्पताल में उपलब्ध है। अस्पताल में पर्दा रोग विशेषज्ञ एवं भेंगापन रोग विशेषज्ञ की सेवाएं जारी है। निदेशक के अनुसार अस्पताल में निकट भविष्य में और भी जांच एवं सेवाओं का विस्तार किया जावेगा जिससे नेत्र रोगियों को दूसरे बड़े शहरों में हैं जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनीता कुमावत (ग्लूकोमा एवं फेको सर्जन) ने मरीजों एवं उनके परिजनों को आंखों की सही देखभाल एवं सुरक्षा के लिए जागरूक किया। उन्होंने बताया की आंखों की कई बीमारियां ऐसी होती है जिनका शुरुआती दौर में तो इलाज संभव है ,लेकिन गंभीर होने के बाद मनुष्य को पूर्णतया अंधा बना सकती हैं, जैसे कि काला पानी (ग्लूकोमा), एडवांस डायबिटिक हाइपरटेंसिव रेटिनोपैथी, बहुत अधिक पककर फटा हुआ मोतियाबिंद, पुराना उखड़ा हुआ आंख का पर्दा, आंख की पुतली का घाव इत्यादि। इसलिए आंखों की छोटी-छोटी बीमारियों को नजरअंदाज ना करके नजदीकी नेत्र चिकित्सक से सलाह लेनी चाहिए।

## एसबीआई के बाद अब बैंक ऑफ बड़ौदा का ऐलान, सस्ती कीमत पर करेगा प्रॉपर्टी नीलाम

नई दिल्ली। अगर सस्ती कीमत में प्रॉपर्टी खरीदने की सोच रहे हैं तो आपके लिए देश के दो बड़े बैंकों का ऑफर है। सरकारी बैंक एसबीआई और बैंक ऑफ बड़ौदा ने ई-ऑक्शन के जरिए कुछ प्रॉपर्टी नीलाम करने का ऐलान किया है। एसबीआई का ई-ऑक्शन 25 अक्टूबर को होने वाला है। वहीं, बैंक ऑफ बड़ौदा का ई-ऑक्शन 22 अक्टूबर को है। बैंकों की ओर से नीलाम की जा रही प्रॉपर्टी डिफॉल्टर की है। ये वो डिफॉल्टर हैं जिन्होंने लोन का समय पर भुगतान नहीं किया। ऐसे में बैंक प्रॉपर्टी को नीलाम कर अपने बकाये रकम की वसूली करेगा।

## महंगाई घटने के बाद भी मुश्किल बरकरार

नई दिल्ली। देश में सितंबर महीने में महंगाई, शहरी इलाकों के मुकाबले ग्रामीण इलाकों में कम है लेकिन अभी भी ग्रामीण इलाकों में कई जरूरी चीजों के दाम शहरों से ज्यादा हैं। सरकार की तरफ से जारी आंकड़ों के मुकाबले देश में गुजरात, पंजाब, राजस्थान, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के ग्रामीण इलाके महंगे हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा और झारखंड के शहरी इलाकों की महंगाई पिछले साल के मुकाबले इस सितंबर में ज्यादा है।सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक सितंबर 2020 में 7.27 फीसदी के मुकाबले इस साल सितंबर में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई 4.35 फीसदी पर आ गई है।



## डॉक्टर आर के सैनी को मिला बेस्ट प्रोफेशनल एक्सीलेंस अवार्ड

जयपुर (हमारा वतन) शहर के जयपुर रोड ,गणेश विहार द्वितीय में स्थित जयपुर हेल्थ केयर हॉस्पिटल के निदेशक डॉक्टर आर के सैनी का जयपुर में सेहत साथी फाउंडेशन की ओर से आयोजित फिजीओ आईकॉन अवॉर्ड में बेस्ट प्रोफेशनल एक्सीलेंस अवार्ड से सहायक पुलिस आयुक्त सुनील प्रसाद शर्मा के द्वारा नवाजा गया । इसमें प्रदेश भर के 30 फिजियो को सम्मानित किया गया ।

आयोजक डॉ अविनाश सैनी ने बताया कि मुख्य अतिथि खेल मंत्री अशोक चंदाना, विशिष्ट अतिथि अशोक मंगला एवं सहायक पुलिस आयुक्त रामगंज सुनील प्रसाद शर्मा रहे । डॉक्टर सैनी ने बताया कि यह अवार्ड उनको फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में विगत 10 वर्षों से किए गए उत्कर्ष कार्यों के लिए दिया गया है ।

गौरतलब है कि डॉक्टर आर के सैनी से हॉलीवुड और बॉलीवुड सेलिब्रिटी भी फिजियोथेरेपी का ट्रीटमेंट लेकर ठीक हो चुके हैं । 10 वर्षों में कई गंभीर बिमारियों का नई - नई तकनीकों से सफलतापूर्वक ईलाज किया है ।

## विधायक की चेतावनी पर मेयर का एक्शन

# नगर निगम जयपुर ने चौथे दिन राजापार्क, तिलक नगर में शुरू करवाया सड़कों को ठीक करवाने का काम



### दीपावली से पहले पूरा होगा सड़कों का काम

सड़कों के रिपेयरिंग के शुभारंभ कार्यक्रम में महापौर शील धाबाई ने कहा कि दीपावली तक मालवीय नगर क्षेत्र में सभी सड़कों को रिपेयर करने का काम पूरा हो जाएगा। उन्होंने बताया कि राजापार्क, तिलक नगर, गुरूनानकपुरा एरिया में करीब 80 लाख रुपए की लागत से रोड बनवाई जा रही है। वहीं हिम्मत नगर में भी जल्द काम शुरू हो जाएगा।

जयपुर(नि.सं.)। जयपुर के मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के राजापार्क, तिलक नगर समेत कई कॉलोनियों के लोगों के लिए राहत की खबर है। नगर निगम ग्रेटर की तरफ से इन क्षेत्रों में टूटी सड़कों की रिपेयरिंग का काम आज से शुरू हो गया है। महापौर शील धाबाई और विधायक कालीचरण सराफ ने आज राजापार्क एरिया में सड़कें के रिपेयरिंग का काम शुरू करवाया। सराफ ने चार दिन पहले ही चेतावनी दी थी कि एक सप्ताह के अंदर अगर नगर निगम प्रशासन ने सड़कों की रिपेयरिंग का काम शुरू नहीं करवाया तो वह नगर निगम प्रशासन के खिलाफ धरना देंगे और विरोध प्रदर्शन करेंगे। विधायक की इस चेतावनी का असर चौथे दिन ही नजर आ गया। राजापार्क, तिलक नगर, गुरूनानकपुरा, हिम्मत नगर समेत कई कॉलोनियों में करीब 3 महीने से जलदाय विभाग ने पानी की लाइन बिछाने का काम करवाया था। इस कारण से इन एरिया में सड़कें पूरी तरह जर्जर हो गई थी। मानसून सीजन में लोगों को इन एरिया में आने-जाने में परेशानी हो रही थी। मानसून सीजन जाने के बाद भी सड़कों की रिपेयरिंग शुरू नहीं होने पर विधायक ने नाराजगी जताते हुए नगर निगम प्रशासन को चेतावनी दी थी।



## आरोग्य योग एवं प्राकृतिक चिकित्सालय चौमूं ने लगाया थाने में शिविर

चौमूँ (हमारा वतन) पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण शंकर दत्त शर्मा के स्वच्छ पुलिस, स्वस्थ पुलिस अभियान के तहत आरोग्य योग एवं प्राकृतिक चिकित्सालय, चौमूं के चिकित्सा अधिकारी डॉ राकेश कुमार शर्मा द्वारा पुलिस थाना गोविंदगढ़ में योग ,आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा का निः शुल्क शिविर लगाया गया ।

शिविर का उद्घाटन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव, पुलिस उप अधीक्षक संदीप सारस्वत ,पुलिस थाना इंचार्ज विक्रांत शर्मा ने किया ।

शिविर में 173 व्यक्तियों ने परामर्श लिया, उपचार करवाया तथा औषधियां प्राप्त की। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।

### सांवरा सेठ को सोने का मुकुट-बांसुरी भेंटःदोनों का 200.8 ग्राम वजन,भक्त ने नाम-पता और इच्छा को रखा गुप्त

चित्तौड़गढ़ (वि.सं.)। श्रीसांवलिया जी मंदिर में भक्त ने सोने से बना मुकुट और बांसुरी भेंट किया है। जिसका वजन 265 ग्राम 800 मिलीग्राम हैं। दानदाता ने अपना नाम गुप्त रखा हैं। भक्त ने भेंट रसीद पर भी साइन करने मना कर दिया। सांवरा सेठ की भक्तों में अलग आस्था हैं। दूर-दूर से भक्त आकर मनोकामना मांगते हैं। मनोकामना पूरी होने के बाद इच्छा के अनुसार चढ़ावा भेंट करते है। श्रीसांवलिया सेठ में करोड़ों का दान आता हैं। गुरुवार को भी राजस्थान के एक भक्त ने 265 ग्राम 800 मिलीग्राम सोने से बना मुकुट और बांसुरी भेंट की। भक्त भेंट को दानपात्र में डाल रहा था। पंडित ने देखा तो भेंट कक्ष में चढ़ाने को कहा। भक्त ने पंडित से नाम-पता गुप्त रखने को कहा। जिस पर पंडित ने आश्वासन दिया कि भक्त का नाम गुप्त रखा जाएगा। 3 नवंबर को चतुर्दशी के दिन श्री सांवलिया जी का भंडारा नहीं खोला जाएगा।



# ग्रामीणों को पूरी राहत देने की मंशा से चलाया अभियान, लाभ लें -अशोक चांदना

जयपुर (नि.सं.)। प्रशासन गांवों के संग अभियान अन्तर्गत बूंदी जिले के नैंनवा के जजावर तथा हिण्डोली के अणदगंज में शिविरों का आयोजन किया गया। खेल एवं युवा मामले राज्य मंत्री श्री अशोक चांदना ने दोनों शिविरों में सम्मिलित होकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी तथा अधिकांश का मौके पर ही समाधान कराया। शिविर में जिला कलक्टर एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। राज्य मंत्री श्री चांदना दोपहर में जजावर शिविर में पहुंचे तो वहां ग्रामीणों की भीड़ उमड पडी।

**अशोक चांदना ने दोनों शिविरों में सम्मिलित होकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी तथा अधिकांश का मौके पर ही समाधान कराया**

ग्रामीण अपनी समस्या लेकर आये जिनकी गम्भीरता के साथ सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को बुलाकर समस्याओं के मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए। शिविर में ग्रामीणों ने राजस्व सम्बन्धी, अतिक्रमण, रास्ते की समस्या, पेयजल आदि से सम्बन्धित समस्याएं रखी जिनका मौके पर ही निस्तारण किया गया। राज्य मंत्री ने शिविर में पंचायत राज विभाग द्वारा जारी 54 लाभार्थियों को पट्टे सौंपे साथ ही कृषि विभाग द्वारा दो पीपी इक्युपमेंट तथा पाइप लाइन की स्वीकृतियों, का भी वितरण किया गया। उपखण्ड अधिकारी श्योराम ने बताया कि षि उपज मंडी देई द्वारा कृषक साथी योजना के 6 वितरित किए गए। अन्य विभागों की योजना से भी ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया।

## आरएएस में चयनित शिवम जोशी का किया स्वागत

जयपुर (हमारा वतन) आरएएस प्रतियोगी परीक्षा 2018 में चयनित चांदपोल, जयपुर निवासी शिवम जोशी का आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश सचिव रामअवतार शर्मा और मेहर फाउंडेशन की अध्यक्ष प्रवीन खान के द्वारा सम्मान किया गया । इस दौरान शिवम जोशी को माला पहनाकर, भगवान परशुराम का फोटो फ्रेम भेंट कर ,मिठाई खिलाकर सम्मान किया । साथ ही उनके माता-पिता का भी माला पहनाकर सम्मान किया गया ।

शिवम जोशी ने कहा कि ÷मेरी सफलता में मेरे परिवार वालों का बहुत बड़ा योगदान है और मेरे साथ मेरे माता - पिता का आप लोगों ने सम्मान किया है, जिसका मैं तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं ।



जानकारी के लिए आपको बता दें कि शिवम जोशी डीवाईएसपी पद पर बाड़मेर जिले में अपनी सेवाएं देते हुए ही आरएएस की परीक्षा में पास हुए हैं ।

## जॉब्स

1. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (आरएसएमएसएसबी), पद असिस्टेंट फायर ऑफिसर और फायरमैन, पद संख्या 629, अंतिम तिथि 16 अक्टूबर 2021
2. फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफ एस एस ए आई), पद असिस्टेंट व अन्य, पद संख्या 255, अंतिम तिथि 7 नवंबर 2021
3. इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सिलेक्शन (आईबीपीएस) पद क्लर्क, पद संख्या 7855, अंतिम तिथि 27 अक्टूबर 2021
4. भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), पद पीओ, पद संख्या 2056, अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2021
5. हिमाचल प्रदेश पुलिस,पद कॉन्स्टेबल और ड्राइवर, पद संख्या 1334, अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2021
6. स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एसएससी), पद विभिन्न, पद संख्या 3200, अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2021
7. भारतीय डाक विभाग जम्मू कश्मीर, पद ग्रामीण डाक सेवक, पद संख्या 266, अंतिम तिथि 29 अक्टूबर 2021
8. ईस्टर्न सेंट्रल रेलवे, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 2206, अंतिम तिथि 5 नवंबर 2021

## आपत्ती आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैं मदन मोहन सोमानी सुपुत्र श्री बद्रीनारायण सोमानी निवासी बी - 5, शिव मार्ग, बनीपार्क, जयपुर ने विजयपुरा गृह निर्माण सोसायटी लिमिटेड,जयपुर की गृह निर्माण योजना महादेव नगर (प्रथम), जाटावाली में 220 वर्ग गज, भूखंड संख्या 9 और 200 वर्ग गज, भूखंड संख्या 10 क्रय किया है । किसी भी व्यक्ति को इसके संबंध में कोई आपत्ति हो तो अंदर 15 दिवस में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज हेतु पेश कर सकते हैं । मियाद गुजरने के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं की जाएगी ।

**संपर्क - 89833 33834**

# रकुल प्रीत सिंह

## स्विमसूट पहन पूल में लगाई छलांग, वायरल हुआ जबरदस्त हॉट वीडियो

एक्ट्रेस रकुलप्रीत सिंह सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं, वो अपने फैंस के साथ जुड़ी रहने के लिए आए दिन दिलचस्प पोस्ट शेयर करती दिखाई दे जाती हैं। बीते दिनों उन्होंने जैकी भगनानी के साथ रिलेशनशिप का ऐलान करके जबरदस्त सुर्खियां बटोरी थीं। वहीं, अब वो स्विमसूट में अपने सिजलिंग वीडियोज की वजह से चर्चा में आ गई हैं।





उन्होंने बोल्ड अंदाज में पूल में छलांग लगाई तो फैंस देखते रह गए। रकुल का ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**पूल में लगाई छलांग**- रकुलप्रीत सिंह ने अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर लेटेस्ट पोस्ट में दो वीडियोज शेयर किए हैं। जिसमें से एक में वो ब्लैक-व्हाइट रंग के स्विमसूट में पूल के किनारे खड़ी दिख रही हैं। वो अपने पैरों से पानी में खेलती नर आ रही हैं। वहीं, दूसरे वीडियो में वो रेड स्विमसूट पहने पूल में छलांग लगा रही हैं। दोनों ही वीडियो में वो खूबसूरत और बोल्ड नजर आ रही हैं।

**मास्क फ्री हॉलिडे**-इस वीडियो को शेयर करते हुए रकुलप्रीत सिंह ने कैप्शन में बताया है कि वो किस तरह मास्क फ्री वैकेशन के दिनों को याद कर रही हैं। उन्होंने लिखा- मुझे मास्क फ्री हॉलिडे पर वापस ले चलो #mood #waterbab4.... उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर ताबड़तोड़ वायरल हो रहा है। हर कोई उनके बोल्ड अंदाज पर हर कोई फिदा होता नजर आ रहा है। बता दें कि हाल ही में उन्होंने अक्षय कुमार के साथ अपनी फिल्म की शूटिंग पूरी की है।

# क्या आप भी कभी-कभी ज़्यादा हवा निगल लेती हैं? तो आपको एरोफैगिया हो सकता है

यदि आप हर समय हवा निगलती हैं, तो आपके एरोफैगिया से पीड़ित होने का जोखिम बढ़ जाता है। आपको इस स्थिति के बारे में जानने की जरूरत है। आपने कितनी बार लोगों को यह कहते सुना है, ज्यादा हवा न निगलें। जब हम बात करते हैं, खाते हैं या हंसते हैं, तो हममें से ज्यादातर लोग हवा अपने अंदर ले लेते हैं। मगर कई लोग बिना जानें ऐसा करते रहते हैं। जब यही चीज़ कई बार होने लगती है, तो इसे एरोफैगिया कहा जाता है। इसके लक्षणों में पेट फूलना, सूजन, डकार और पेट में भारीपन शामिल है।

**आप इसे कैसे पहचान सकती हैं?**

शोध के अनुसार, मनुष्य प्रतिदिन खाते या पीते समय लगभग दो क्वॉर्टर हवा निगलते हैं। इसका आधा भाग डकार के माध्यम से निकलता है। जबकि शेष छोटी आंत से होकर गुजरता है, और फिर शरीर से बाहर निकल जाता है। जिन लोगों को एरोफैगिया होता है, वे बहुत अधिक हवा निगलते हैं और कुछ असहज संकेतों और लक्षणों का अनुभव करते हैं।

**ये हो सकती है पेट दर्द और सूजन के लिए जिम्मेदार**-एलिमेंटरी फार्माकोलॉजी एंड थेरेप्यूटिक्स में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि एरोफैगिया से पीड़ित 56 प्रतिशत लोगों ने डकार, 27 प्रतिशत सूजन और 19 प्रतिशत पेट दर्द और ब्लोटिंग की शिकायत की। जर्नल केस रिपोर्ट्स इन गैस्ट्रोएंटरोलॉजी में प्रकाशित एक अन्य शोध से पता चला है कि यह दूरी सुबह कम होती है और पूरे दिन बढ़ती है। मर्क मैनुअल में कहा गया है कि हम दिन में लगभग 13 से 21 बार गैस पास करते हैं, लेकिन एरोफैगिया वाले लोगों में यह बहुत अधिक है।

**क्या यह एरोफैगिया है या अपच?**

कभी-कभी अपच और एरोफैगिया के बीच अंतर करना विशेष रूप से भ्रमित करने वाला होता है। क्योंकि कुछ लक्षण समान होते हैं। एलिमेंटरी फार्माकोलॉजी एंड थेरेप्यूटिक्स में प्रकाशित अध्ययन से पता चलता है कि अपच वाले लोगों में निम्नलिखित लक्षण देखने को मिलते हैं

- जी मिचलाना
- उल्टी
- कम खाने पर भी पेट में भारीपन
- वजन घटना
- जानिए इसके क्या कारण हैं?



**1. आपके सांस लेने और खाने-पीने का तरीका**-यह वास्तव में मायने रखता है कि आप कैसे खाते, पीते और सांस लेते हैं। यदि आप इसे बहुत जल्दी करते हैं, तो यकीनन आप बहुत ज्यादा हवा निगल सकते हैं। यदि आप खाते समय बात करते हैं, कम चबाते हैं, स्ट्रॉ से पीते हैं, धूम्रपान करते हैं, अपने मुंह से सांस लेते हैं, ज्यादा व्यायाम करते हैं, तो ऐसा होना तय है।

**2. स्वास्थ्य समस्याएं**-कुछ चिकित्सीय स्थितियों वाले लोगों में एरोफैगिया होने का खतरा अधिक होता है। उदाहरण के लिए, जो गैर-आक्रामक वेंटिलेशन (एनआईवी) से पीड़ित हैं। स्लीप एपनिया एक और स्थिति है।

## दूध जलेबी खाने की योजना है? तो एक आहार विशेषज्ञ से जानिए सेहत पर इसका प्रभाव

दूध-जलेबी त्योहारों का ट्रेडिशनल कॉम्बो है। अगर आपको इसकी मिठास और कैलोरी से डर लगता है, तो हमारी आहार विशेषज्ञ आपका डर दूर करने वाली हैं।दूध और जलेबी पूरे उत्तर भारत, गुजरात तथा महाराष्ट्र में बहुत ही पसंद की जाती है। खासतौर पर दशहरे पर लोग इस पारंपरिक मिठाई का लुत्फ लेना चाहते हैं। कुरकुरी ताज़ा जलेबी और गर्मागर्म दूध, अपने बेमिसाल स्वाद के कारण यह कॉम्बो सभी को आकर्षित करता है हम सभी इसे खाना पसंद करते हैं, पर डरते हैं इसकी मिठास से। कहीं वजन न बढ़ जाए। तो आइए इस दशहरे पर एक आहार विशेषज्ञ से जानें कि बस एक प्लेट दूध-जलेबी आपकी सेहत पर क्या असर डाल सकती है।

नवरात्रि के लंबे उपवास के बाद ज्यादातर लोग दूध-जलेबी खाना पसंद करते हैं। आप सभी ने दूध और जलेबी को स्वादिष्ट होने के कारण बहुत बार खाया होगा लेकिन क्या आप जानते है कि दूध और जलेबी खाने के और क्या फायदे हैं?जी हां, दूध और जलेबी जहां स्वाद मे लाजवाब है वहीं इसके स्वास्थ्य संबंधी फायदे भी आपको हैरान कर देंगे क्योंकि ये स्वास्थ्य की दृष्टि से भी काफी फायदेमंद है। किसी भी एनर्जी ड्रिंक, पार्टी पेग और कॉकटेल से बेहतर है दूध का सेवन करना। ये उत्सवों का पारंपरिक तरीका है, जो आपकी सेहत के लिए भी फायदेमंद है। दूध मे अच्छी मात्रा मे कैलोरी, प्रोटीन, कैल्शियम, फॉस्फोरस आदि पोषक तत्त्व पाए जाते है। आयुर्वेद मे भी कहा गया है क दूध का सेवन गर्म ही करना चाहिए।




# आलिया भट्ट

## ने ब्लू बिकिनी में शेयर की जबरदस्त बोल्ड फोटो, बोलीं- हम सितारे हैं...

बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट इन दिनों अपनी आने वाली फिल्मों को लेकर जबरदस्त सुर्खियों में हैं। वहीं, इस बीच वो अपने सोशल एकाउंट पर खूब एक्टिव रहती हैं और दिलचस्प पोस्ट करती दिखाई दे जाती हैं। हाल ही में आलिया भट्ट एक बार फिर से अपने एक ऐसे ही पोस्ट के कारण चर्चाओं में आ गई हैं। उन्होंने अपने एकाउंट पर वैकेशन से एक बिकिनी फोटो शेयर की है। जिसमें वो ब्लू रंग की बिकिनी में बोल्ड और खूबसूरत नजर आ रही हैं।



**ब्लू बिकिनी में दिखीं आलिया**- आलिया भट्ट ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की है। जिसमें वो किसी खूबसूरत लोकेशन पर लेटकर बिकिनी में पोज दे रही हैं। इस फोटो में आलिया ब्लू रंग की स्ट्रैपलेस बिकिनी में दिख रही हैं। फोटो में उनके चेहरे पर सूरज की रोशनी बेहद शानदार तरीके से पड़ती नजर आ रही है। इस फोटो में आलिया बिना मेकअप के नजर आ रही हैं और खूबसूरत दिख रही हैं।



**हम सितारे हैं**-इस फोटो को शेयर करते हुए आलिया भट्ट ने कैप्शन में लिखा- हम स्किन में लिपटे हुए सितारे हैं, उस रोशनी को जिसे आप हमेशा से खोज रहे थे वो आपके भीतर ही है। आलिया ने आगे बताया कि ये फोटो उनकी स्टारलाइट बहन शाहीन भट्ट ने क्लिक की है। उनकी ये तस्वीर फैंस को खूब पसंद आ रही है, यही कारण ही आलिया की ये फोटो सोशल मीडिया पर ताबड़तोड़ वायरल हो रही है। बता दें कि इससे पहले शाहीन ने भी एक खूबसूरत फोटो शेयर की थी, जिसमें वो अपनी बहन का हाथ पकड़े नजर आ रही थीं।



# डेविड वॉर्नर का चेन्नई सुपर किंग्स की ओर बढ़ा कदम!

## खिताब जीतने से पहले फिर बाद में विजेता टीम की जमकर की तारीफ

नई दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 27 रन से हराकर चौथी बार आईपीएल 2021 का खिताब अपने नाम कर लिया। चेन्नई इससे पहले, 2010, 2011 और 2018 में आईपीएल खिताब जीत चुकी थी। इस जीत के बाद हर कोई चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और उनकी टीम की तारीफ कर रहे हैं। इस बीच, सनराइजर्स हैदराबाद के पूर्व कप्तान और सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने भी माही और उनकी टीम की खूब तारीफ की है। हालांकि वॉर्नर की इस तारीफ को फैन्स सोशल मीडिया पर अलग ही मतलब निकाल रहे हैं। ऐसा माना जा रहर है कि वॉर्नर चेन्नई और उनकी टीम की तरफ अपना कदम बढ़ाना चाहते हैं। फैन्स ऐसा इसलिए सोच रहे हैं क्योंकि वॉर्नर ने इस सीजन में हैदराबाद से अलग होने का ऐलान कर दिया था। वॉर्नर आईपीएल 2021 की शुरुआत में टीम के कप्तान थे, लेकिन इसके बाद खराब फॉर्म के चलते उनसे कप्तानी छीन ली गई थी। उनकी जगह न्यूजीलैंड के केन विलियम्सन को टीम का नया कप्तान बनाया गया था। इसके बाद आईपीएल 2021 के यूएई फेज में कुछ मैचों के बाद उन्हें टीम से भी बाहर कर दिया गया था। आईपीएल 2021 का फाइनल शुरू होने से पहले भी वॉर्नर ने एक पेंटिंग पोस्ट की, जिसमें वॉर्नर और उनकी बेटी चेन्नई सुपर किंग्स की येलो जर्सी में नजर आ रहे थे। उन्होंने इंस्टाग्राम पर तस्वीर पोस्ट की और ट्विटर पर इसका एक लिंक साझा किया। उन्होंने लिखा था, मुझे यकीन नहीं था कि आज रात किसके लिए जाना है, लेकिन मैं इस फैन को ना नहीं कह सकता था, जिसने मुझे इसे पोस्ट करने के लिए कहा था!! हालांकि वॉर्नर ने बाद में इस पोस्ट को डिलीट कर दिया। इस पोस्ट के बाद वॉर्नर ने चेन्नई सुपर किंग्स के चौथी बार खिताब जीतने के तुरंत बाद ट्विटर पर एक पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने चेन्नई की टीम और धोनी की जमकर तारीफ की।

## माइकल वॉन ने फाफ डु प्लेसी को टी-20 वर्ल्ड कप टीम में शामिल ना करने पर क्रिकेट साउथ अफ्रीका को लताड़ा

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग(आईपीएल) 2021 का खिताब चेन्नई सुपर किंग्स ने शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर अपने नाम किया। चेन्नई की जीत में फाफ डु प्लेसी का बड़ा योगदान रहा। फाफ डु प्लेसी ने सीएसके की तरफ से 86 रनों की पारी खेली। उनकी इस पारी की बदौलत चेन्नई ने केकेआर के सामने 193 रनों का लक्ष्य रखा। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने क्रिकेट साउथ अफ्रीका को टी-20 वर्ल्ड कप टीम में उन्हें शामिल ना करने पर लताड़ लगाई है। उन्होंने क्रिकेट साउथ अफ्रीका के इस फैसले को हास्यापद बताया।वॉन ने ट्वीट कर कहा, ये बिल्कुल हास्यापद है कि फाफ डु प्लेसी साउथ अफ्रीका के लिए टी-20 वर्ल्ड कप में नहीं खेल रहे हैं। साउथ अफ्रीका की टीम 23 अक्टूबर को टी-20 वर्ल्ड कप में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। वो अपना पहला प्रैक्टिस मैच 18 अक्टूबर को अफगानिस्तान के खिलाफ खेलेगी। आईपीएल 2021 में फाफ का प्रदर्शन जबरदस्त रहा।



## राहुल द्रविड़ टीम इंडिया के हेड कोच बनने के लिए हुए तैयार, टी-20 वर्ल्ड कप के बाद संभाल सकते हैं जिम्मेदारी

नई दिल्ली। भारत के पूर्व बल्लेबाज राहुल द्रविड़ टीम इंडिया का हेड कोच बनने के लिए तैयार हो गए हैं। गौरतलब है कि हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ लिमिटेड ओवरों की सीरीज में वो टीम इंडिया के साथ बतौर हेड कोच जुड़े थे। मौजूदा कोच रवि शास्त्री का कार्यकाल टी-20 वर्ल्ड कप के बाद समाप्त हो रहा है। द्रविड़ टी-20 वर्ल्ड कप के बाद टीम इंडिया के हेड कोच का पद संभाल सकते हैं। टी-20 वर्ल्ड कप में भारत अपने अभियान की शुरुआत 24 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ करेगा। विराट कोहली ने भी टी-20 वर्ल्ड कप के बाद टी-20 की कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया है। न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए सूत्रों ने बताया कि द्रविड़ ने कोच बनने के लिए अपनी सहमति दे दी है। उन्होंने कहा कि इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता है। विक्रम बल्लेबाजी कोच बने रहेंगे। उनके अलावा अन्य पदों पर ध्यान दिया जाएगा। भारतीय टीम अब बदलाव की राह पर है। इसमें कई युवा खिलाड़ियों को शामिल होना है। इन सभी ने द्रविड़ के साथ काम किया है। भारतीय क्रिकेट के लिए ये काफी अहम हो सकता है।

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

**क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,**
**कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।**

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# टीके से नौनिहालों का बचाव

कोविड-19 से बचाव में टीकों की अहम भूमिका है, लेकिन अब तक उपलब्ध अधिकतर टीकों को वयस्क आयु-वर्ग के लिए ही आपात इस्तेमाल की अनुमति मिली है। वैसे, कुछ देशों में 12 से 17 साल के आयु-वर्ग में उच्च जोखिम वाले किशोरों का टीकाकरण शुरू हो गया है। और, इसी कड़ी में मंगलवार को भारत में सीडीएससीओ की विषय विशेषज्ञ समिति ने भारत बायोटेक की 'कोवैक्सीन' को भी दो से 17 साल तक के बच्चों व किशोरों में इस्तेमाल करने के लिए मंजूर करने की सिफारिश की है। हालांकि, इन पंक्तियों के लिखे जाने तक ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) की मंजूरी नहीं मिली थी। मगर इससे पहले, अगस्त में जाइडस कैडिला द्वारा विकसित जायकोव-डी वैक्सीन को 12 से 17 आयु-वर्ग के लिए डीसीजीआई आपात इस्तेमाल के लिए मंजूर कर चुका है। साथ ही, दो अन्य टीकों- 'कोवोवैक्स' और 'कोर्बीवैक्स' के भी बच्चों में परीक्षण हो रहे हैं। इन खबरों से कई अभिभावक उत्साहित हैं कि अब बच्चों को भी टीके लगना शुरू हो जाएगा। मगर क्या वाकई बच्चों को कोविड-19 टीके की जरूरत है, इस पर सभी पहलुओं से और वैज्ञानिक आधार पर विचार करना होगा। पहली बात, किसी टीके को देश में 'परीक्षण और मंजूरी' और फिर उसके बाद किसी भी आयु-वर्ग के लिए 'इस्तेमाल की सिफारिश और शुरुआत' दो अलग प्रक्रियाएं हैं। कौन-सी वैक्सीन किस आयु-वर्ग के लिए जांची-परखी जाए, यह निर्णय इस बात पर निर्भर करता है कि उस बीमारी से किस आयु-वर्ग के लोग प्रभावित होते हैं। निस्संदेह, कोरोना ने सभी आयु-वर्ग को समान रूप से प्रभावित किया है, इसलिए कोविड- 19 के टीकों का बच्चों में भी परीक्षण एक सामान्य प्रक्रिया है। अगर ट्रायल में टीके, तय मानदंडों पर सुरक्षित और प्रभावशाली पाए जाते हैं, तो उन्हें उस देश में मंजूरी दे दी जाती है। मगर किसी वैक्सीन को देश में अनुमति मिलने का मतलब यह नहीं है कि उस आयु-वर्ग को टीके लगने शुरू ही हो जाएं। साल 2011 में जारी भारत की राष्ट्रीय टीकाकरण नीति में यह बताया गया है कि किसी भी टीके की अनुशंसा से पहले किस तरह के मानदंड का पालन किया जाना चाहिए। जैसे, किस आयु-वर्ग को बीमारी हो रही है।



राम गोपाल सैनी

बराला हॉस्पिटल में रक्तदान करने के लिए उमडा जनसैलाब

# बराला हॉस्पिटल चेयरपर्सन स्व. श्रीमति मूंगी देवी की पुण्यतिथि पर आयोजित हुआ रक्तदान शिविर

## ❑ रक्तदान शिविर में 442 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

चौमूं (हमारा वतन) शहर के जयपुर रोड राधास्वामी बाग स्थित बराला हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर में चेयरपर्सन स्व. श्रीमती मूंगी देवी बराला की प्रथम पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 442 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस दौरान 70 महिलाओं ने भी रक्तदान किया ।

कार्यक्रम का शुभारम्भ हॉस्पिटल निदेशक डॉ.ग्यारसीलाल जाट, डॉ.बाबूलाल बराला, डॉ.श्रवण बराला एवं डॉ.हनुमान बराला ने स्व.श्रीमती मूंगी देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित् कर किया । इस मौके पर डॉ. श्रवण बराला ने कहा कि हमारी माताजी श्रीमती मूंगी देवी का सपना था कि उनके चारों बेटे डॉक्टर बन मानव सेवा का कार्य करें। इसी सपने को हकीकत में तब्दील करने के लिए उन्होंने कठोर परिश्रम कर अपनी आय का अधिकतम खर्च बच्चों की शिक्षा पर किया और आखिरकार माताजी का यह सपना हकीकत में तब्दील हुआ। आज चौमूं शहर को प्रदेश में चिकित्सा के क्षेत्र में अग्रणीय रहने का श्रेय दिलवाया। माताजी की इन्हीं आदर्शो की बदौलत उनकी पुण्यतिथि पर दूर-दराज से रक्तदाता रक्तदान करने के लिए पहुंचे। डॉ.ग्यारसीलाल जाट ने रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं का आभार एवं आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।




डॉ.बाबूलाल बराला एवं डॉ.हनुमान बराला ने कहा कि वर्तमान समय में चल रही मौसमी बीमारी डेंगू, मलेरिया के कारण रक्त में प्लेटरेट्स की कमी से जूझ रहे मरीजों के परिजनों को काफी हद तक राहत मिलेगी एवं इससे सैकडों मरीजों की जान बचाई जा सकेगी।

# ईटावा भोपजी के शिरडी साई मंदिर में हुआ कन्या पूजन और प्रसादी का आयोजन

जयपुर (हमारा वतन) चौमू तहसील के इटावा भोपजी स्थित प्रसिद्ध शिरडी साई मंदिर में महानवमी के अवसर पर कन्या पूजन और प्रसादी का आयोजन किया गया । मंदिर महंत रिटायर्ड कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने बताया कि सर्वप्रथम कन्याओं की पूजा की गई और बाद में भोजन करवाकर दक्षिणा प्रदान की गई । साई भक्त चौमूं से गोपाल बजाज, पटवारी अरुण अग्रवाल, होटल वेलकम के निदेशक पिंटू सैनी और पत्रकार मनोज सैनी के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया गया । मंदिर के पंडित विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि महानवमी के शुभ अवसर पर साई बाबा की मनोहारी झांकी सजाई गई और विशेष प्रकार से लाइटिंग भी की गई । इस दौरान जितेंद्र सिंह, नवदीप सिंह नाथावत, अंजली नाथावत ,शैतान सिंह ,पप्पू हलवाई ,गोपाल यादव आदि लोग मौजूद रहे ।



## अनुसूचित जनजाति वर्ग की 1 हजार महिलाओं को मिलेगा रोजगार का अवसर

**आवेदन की अंतिम तिथि 15 नवम्बर तक बढाई**

जयपुर (नि.सं.)। तमिलनाडू के होसुर में उच्च तकनीक के इलेक्ट्रोनिक पाट्र्स बनाने हेतु संयंत्रा स्थापित किया गया है। इस संयंत्रा में कंपनी द्वारा प्रदेश की जनजाति वर्ग की 1000 महिलाओं को जिनकी आयु 18 से 20 वर्ष है तथा 12वीं उत्तीर्ण है, को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जावेंगे। इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 नवम्बर तक बढा दी गई है। इस प्रस्ताव पर जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, उदयपुर द्वारा इच्छुक एवं पात्रा जनजाति वर्ग की महिलाओं से आवेदन पत्रा विभाग की वेबसाईट पर आमंत्रित किये जा रहे हैं।



# समाजसेवी पवन सैनी के नेतृत्व में हुई मोक्ष धाम की सफाई

चौमूँ (हमारा वतन) समाजसेवी पवन सैनी के नेतृत्व में मोरीजा रोड स्थित मोक्ष धाम में सफाई का कार्य किया गया। सभी युवा साथियों ने श्रमदान कर मोक्ष धाम की सफाई की । मोक्ष धाम समिति के सदस्यों से विचार विमर्श किया गया कि कैसे मोक्ष धाम को जन्नत बनाएं । साथ ही मोक्ष धाम में परमानेंट एक वर्कर रखने का लिया गया । जो सुचारू रूप से साफ - सफाई का कार्य करेगा ।

इस दौरान अशोक सेन, सुशील, राजेंद्र कुमार सैनी ,रामनिवास लांबा, कैलाश बजाज, सुनील ,अशोक सैनी, जितेंद्र शर्मा, रमेश सैनी आदि लोग मौजूद रहे ।

# विधायक शर्मा ने सीएचसी गोविंदगढ़ में एंबुलेंस क्रय के लिए की 20 लाख की अनुशंषा

चौमूं (हमारा वतन) विधायक रामलाल शर्मा द्वारा विधायक कोष से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोविंदगढ़ में आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित एंबुलेंस क्रय करने हेतु विधायक कोष से 20 लाख रुपयो की अनुशंसा की गई है। उक्त कार्य के लिए कार्यकारी एजेंसी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम को बनाया गया है। गौरतलब है कि विधायक रामलाल शर्मा द्वारा हाल ही में कालाडेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित एंबुलेंस उपलब्ध कराई गई है, जिससे दूरदराज मरीजों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में मददगार साबित हो रही है।



**खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।**

**Email-**
**hamarawatan65@gmail.com**
**9214996258, 7014468512**




RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 9352734588
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा